Quote of the month

26 JANUARY

दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।

73 वां गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

LNCT UNIVERSITY

# समाचार

WORKING TOWARDS BEING THE BEST

Accreditations & Ranks

1 Rank INDIA TODAY | 1 Rank Josh | 1 Rank THE WEEK

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK | NBA ACCREDITED COLLEGE | NABH | NAAC ACCREDITED

www.LNCTU.ac.in | Saturday, 12 February 2022 | 29 | शुक्ल पक्ष, तिथि–प्रतिपदा | Vol- 12 | Pages- 4

## HIGHLIGHTS

**NSS Awareness Programme at LNCTU**



Page- 2

**LNCT UNIVERSITY HAS ORGANISED A VISIT TO HERBAL FAIR, BHOPAL**



Page- 3

**एलएनसीटी विवि में निकाली कोरोना जागरुकता रैली**



Page- 3

**फार्मेसिस्ट : स्वास्थ्य देखभाल का एक अभिन्न हिस्सा**



Page- 4

**एलनसीटी विश्व विद्यालय में किया गया फिल्मों की स्क्रीनिंग के कार्यक्रम का आयोजन-**



Page- 4

## एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में किया ध्वजारोहण

73 वें गणतंत्र दिवस पर कोलार रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी परिसर में ग्रुप की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पूजाश्री चौकसे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर नरेन्द्र कुमार थापक, रजिस्ट्रार आरके चौरसिया एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एसएन चौकसे, डॉ. डी के सत्पती, मेडिकल कॉलेज की डीन नलिनी मिश्रा, एनसीसी हेड लेफ्टिनंट पियूष नेमा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वाईस चांसलर नरेन्द्र कुमार थापक ने विकासशील राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान रहता है बिना शिक्षा के किसी भी राष्ट्र का निर्माण संभव नही है वर्तमान परिवेश में एलएनसीटी ग्रुप 29 वर्षो के अथक प्रयासो के साथ शिक्षा के क्षेत्र में मध्य भारत में अपना महात्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। मेडिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में देश ही नही विदेशों में भी एलएनसीटी यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया है। एलएनसीटी ग्रुप की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पूजा श्री चौकसे ने गणतंत्र दिवस समारोह में उपस्थिति सभी स्टाफ एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामना दी।





## BOLLYWOOD CELEBRITY VISITED LNCT UNIVERSITY.

On 30th November 2021, LNCT UNIVERSITY gets a special visit from the renowned bollywood Actor GULSHAN DEVAIAH. The Actor visit for a special activity and also interacted with the Officials and the students of Journalism & Mass Communication Department. The actor share his reason to visit and also shares the experiences throughout the visit. The actor also thankful to Management for there co-ordination and praised the Students.







## Tele-Health Care Inaugurated on Birthday of Honourable Founder of LNCT Shri J. N. Chouksey's birthday

Tele-Health Care is an Emerging Sector that is inaugurated on Honourable Founder of LNCT Shri J. N. Chouksey's birthday, which is celebrated as Service, Dedication & Determination Day, and culminated byvthe Inauguration of Tele-Health Care Center at JK Hospital. This Tele-Health Care Center has been established by KLIC-LNCT & AIIC-LNCTU Associated Startup including DigiQure & PhysiQure. It also has Hum Saath Hai for Stock Patient. With this Tele-Health Care Center, rural patients will get opportunity to get medical treatment Is and advice by our JK Hospital, LNMC, RCDS, LN Ayurveda Bhopal, Sewa Kunj Hospital I dore. This is First initiative for Tele-Health Care Center taken by Medical College & Hospital at Central India with these rural and unreached Locations that would get healthcare facilities by LNCT Group.





## जेके अस्पताल में एक्यूपंक्चर चिकित्सा पद्धति से किया जाएगा अनेक रोगों का इलाज, पूजाश्री चौकसे ने किया शुभारंभ



गणतंत्र दिवस के अवसर पर भोपाल के कोलार रोड स्थित जेके अस्पताल में एलएनसीटी ग्रुप की कार्यकारी निदेशक पूजाश्री चौकसे द्वारा एक्यूपंक्चर चिकित्सा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलपति नरेंद्र कुमार थापक, कुलसचिव आर.के. चौरसिया, डॉ. डी.के. सतपति मौजूद रहे। एक्यूपंक्चर चिकित्सा सुइयों के द्वारा किए जाने वाला एक सफल इलाज है द्य शरीर के विभिन्न अंगों में खास बिंदु होते हैं। एक्यूपंक्चर पद्धति में बाल के समान पतली सूई को इन्हीं बिंदुओं में चुभाया जाता है। डॉक्टर इस प्रक्रिया को इतनी कुशलता के साथ करते हैं कि मरीज को जरा भी दर्द नहीं होता द्य सूई चुभोने की इस प्रक्रिया को शरीर में ऊर्जा के संतुलन के साथ जोड़कर देखा जाता है। एक्यूपंक्चर पद्धति से शरीर के न्यूरोट्रांसमीटर संतुलित होते हैं। इससे इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मदद मिलती है। एक्यूपंक्चर सरल, रामबाण व कम खर्च में होने वाली चिकित्सा है। विश्व स्वास्थ्य आरोग्य संगठन ने भी एक्यूपंक्चर चिकित्सा को सफल उपचार माना है। एक्यूपंक्चर चिकित्सा पद्धति के द्वारा जेके अस्पताल में संधिवात, आमवात, गठियावात, आर्थराइटिस, गर्दन का दर्द, कमर का दर्द, कंधे की अकड़न, पीठ का दर्द, एड़ी का दर्द, मोच स्प्रेन, स्नायु का दर्द, अम्लपित्त, सायटिका, खट्टी डकार आना, मधुमेह, दमा, पुरानी खांसी, सर्दी, नाक का रोग, लकवा, पक्षाघात, मासिक धर्म संबंधी विकार, अचानक मासिक धर्म बंद होना, सफेद पानी जाना, पिंपल्स, रिंकल्स, नसो का फूलना, मानसिक विकार, नींद न आना, बाल झड़ना, रक्तचाप, कान रोग आदि का सफल इलाज किया जाएगा।



## एलएनसीटी यूनिवर्सिटी को मिला सेंट्रल इंडिया बेस्ट यूनिवर्सिटी अवॉर्ड

एलएनसीटी यूनिवर्सिटी को गोवा मुझे आयोजितो इंटरनेशनल एजुकेशन लीडरशिप अवॉर्ड 2021 में बेस्ट यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट्रल इंडिया अवॉर्ड मिला है।

इस्पात और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, पंडित सुनील भराला,राज्य मंत्री, श्रम कल्याण परिषद, यूपी और भारतीय फिल्म और टीवी अभिनेत्री पूनम ढिल्लों ने एलएनसीटी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष और कुलपति जय नारायण चौकसे और उपाध्यक्ष पूनम चौकसे को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर और सचिव अनुपम चौकसे, कार्यकारी निदेशक श्वेता चौकसे, पूजाश्री चौकसे, धर्मेंद्र गुप्ता और कुलपति नरेंद्र कुमार थापक और अध्यक्ष जेएन चौकसे ने शिक्षकों और छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

## स्कूल ऑफ फार्मेसी विभाग में विद्यार्थियों के लिए ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया।



एलएनसीटी विश्वविध्यालय के स्कूल ऑफ फार्मेसी विभाग ने आर.बी साइंस रिसर्च लेबोरेटरीज,भोपाल के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल्स साइंस में नवीनतम तकनीकों पर उद्योग की जरूरत का प्रशिक्षण प्रदान करना और परियोजना सहयोग, कार्यशालाओं, विशेषज्ञता साझा करना और अन्य संबद्ध शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों के लिए है।

एमओयू पर एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय डॉ. नरेंद्र कुमार थापक सर और डॉ. ऋचा मिश्रा, निदेशक, आरबी विज्ञान अनुसंधान प्रयोगशालाओं द्वारा डॉ. पारुल मेहता, प्रिंसिपल, फार्मेसी स्कूल की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति श्री जय नारायण चौकसे सर और माननीय प्रो चांसलर डॉ अनुपम चौकसे सर ने छात्रों और संकाय सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं दीं।



## एलएनसीटी विषय पर एक ध्यान कार्यशाला का आयोजन



21 दिसंबर 2021 को एलएनसीटी ''विषय पर एक ध्यान कार्यशाला का आयोजन किया। सत्र के मुख्य अतिथि श्री के. सुब्रमण्यम (पूर्व निदेशक, वी केयर मेडी सॉल्यूशंस, भोपाल) और श्रीमती गीता सुब्रमण्यम (योग और आर्ट ऑफ लिविंग ट्रेनर) थे। स्कूल ऑफ फार्मेसी, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के निदेशक श्री ए के सिंघई ने उपस्थित भीड़ को संबोधित किया। श्री के.सुब्रनियन ने विभिन्न बिंदुओं को सूचीबद्ध किया कि कैसे नियमित रूप से व्यायाम करने, अनुशासित जीवन जीने, खुद की अच्छी देखभाल करने और अपने सपनों का पालन करने और अपने परिवार और दोस्तों के संपर्क में रहने से तनाव को कम किया जा सकता है। सर ने हमारे व्यस्त कार्यक्रम में से अपने लिए समय निकालने के महत्व पर भी जोर दिया। यह एक बेहतरीन इंटरेक्टिव सेशन था। श्रीमती गीता सुब्रमण्यम ने योग सत्र में भाग लिया और छात्रें के साथ-साथ संकायों को प्राणायाम और चौतन्यसन जैसे कुछ महत्वपूर्ण आसन करने में उत्साहपूर्वक भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आशीष जैन (एचओडी स्कूल ऑफ फार्मेसी एलएनसीटीयू) द्वारा किया गया और एंकरिंग सुश्री स्टेफी थॉमस (सहायक प्रोफेसर, एसओपी, एलएनसीटीयू) द्वारा की गई। छात्रें और संकायों ने तनाव से निपटने के तरीकों को समझा और हमारे दैनिक जीवन में योग के महत्व को समझा।






## चतुर्थी शीतकालीन में क्रिसमस वाइब्स

एस. ओ .एच. एम विभाग ने 24 दिसंबर 2021 को क्रिसमस समारोह का आयोजन किया।
इस आयोजन में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गई थी जिसमें सभी सेमेस्टर के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।
विद्यार्थियों ने क्रिसमस ट्री को सजाया एवं चॉकलेट, केक तैयार किए।
छात्रों ने मानवता के लिए यीशु के योगदान के बारे में अपने विचार साझा किए।
इस समारोह में सभी संकाय एवं प्रचार उपस्थित रहे।









## NSS Awareness Programme at LNCTU

With the aim of instilling idea of social welfare in Student, the school of architecture at LNCTU organised an orientation on NSS( National Service Scheme)on 27th November 2021.

Following is the Vision of NSS shared by Lieutenant Piyush Nema( NCC and NSS coordinator at LNCTU )-

-to make students aware of NSS

-to demonstrate it's policies, eligibility criteria, terms & conditions

-to inform about the benefits of joining NSS

-to inform about the activities conducted by NSS

To make the students aware about the societal welfare, sir briefed about the opportunity in various government led community service activities & programs.

The exhibition and activities of School of Architecture were demonstrated by HOD, Dr. Shashi Saxena and Dr. Ankita Srivastava.

The orientation program was organised by Rishita Sharma and Kirti Singh, SoA cultural team.

The orientation program was very informative, encouraging and it surely motivated the students to join NSS and take part in several activities to help in the welfare of common public and also provide unbiased service.





## पैरामेडिकल साइंस के अंतिम वर्ष के बैच को दी गई मधुर विदाई

स्कूल ऑफ पैरामेडिकल साइंस, 2018 बैच ने पैरामेडिकल विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रें के लिए भव्य विदाई का आयोजन किया है। इस मौके पर सभी छात्रओं को रंग-बिरंगी साड़ियों और मैचिंग एक्सेसरीज से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग के सभी संकाय सदस्यों द्वारा सरस्वती वंदना दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।

विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ पूजा चौबे ने कहारू "मैं कामना करता हूं कि सभी निवर्तमान छात्र हमेशा धन्य रहें और जहां भी हों, चमकें। मेरी शुभकामनाएं अंतिम वर्ष के प्रत्येक छात्र के लिए हैं।'' समारोह को मनोरंजक बनाने के लिए विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण



को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में जूनियर्स द्वारा शानदार प्रदर्शन की एक श्रृंखला शामिल थी। रैंप वॉक प्रतियोगिता पूरे समारोह का सबसे आकर्षक हिस्सा था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें विद्यार्थियों को अलग-अलग टैग देकर सम्मानित किया गया।





## एल. एन. सी. टी. विश्वविद्यालय में मनाई गई भारतीय संविधान की 72वी वर्षगांठ

एल एन सी टी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में 26 नवम्बर 2021 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती वंदना और दिप प्रज्वलन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ सीमा मंडलोई जो स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज की निर्देशक है उनके द्वारा संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य समझाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा भोपाल के पप्रधान सचिव श्री अवधेश प्रताप सिंह थे जिनके द्वारा संविधान निर्माण के इतिहास और राज्य विधायिका की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। एल एन सी टी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन के थापक ने संवैधानिक मूल्यों कक वर्णन करते हुए भाषण दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ आर के चौरसिया द्वारा संविधान बनाने में विभिन्न व्यक्तियों के योगदान के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक सहित कई प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिनके लिए प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह वितरित किए गए और छात्रों का उत्साह वर्धन किया गया।







## AID against AIDs

Students of LN Nursing College has participated in AIDS awareness Programme Under the supervision of Mr. Chanchlesh Shrivas, Assistant professor of CHN Department, Ms. Tara Dubey Assistant Professor, and Ms. Kavita Kapse , conducted at Ravindra Bhavan and organised by AIDS Control society MP.




AIDS is the late stage of HIV infection that occurs when the body's immune system is badly damaged because of the virus. The virus can enter your body through mouth sores or small tears that sometimes develop in the rectum or vagina during sexual activity it can also be transmitted through sharing needles with any person.



## LNCT UNIVERSITY HAS ORGANISED A VISIT TO HERBAL FAIR, BHOPAL

School of Pharmacy has organised a Educational Visit to HERBAL FAIR . The visit was held on 23rd of December and conducted on the theme of Knowledge Gain about the various herbs & there uses. Throughout the visit students get a chance to learn about the uses and importance of Herbal products. The visit was conducted under the supervision of Mr. Kehar Singh Dhaker & Mr. Mahadev Kanere (Associate Professor) and co-ordinated by Dr. A. K. Singhai, Director, LNCT SCHOOL OF PHARMACY.





## School of Pharmacy, LNCT University, visited Vitamax Healthcare Pvt. Ltd.

On 20th December 2021, the 7th semester students of B.Pharm , School of Pharmacy, LNCT University, visited Vitamax Healthcare Pvt. Ltd. Indore as part of their educational career. Faculty incharges, Dr.Virendra Kumar Sharma and Mr.Pradeep Yadav, accompanied the students throughout their educational visit to the injection manufacturing unit of Vitamax Healthcare. The trip was coordinated by Mr.Vinod Mudgal, the Manager of Vitamax Healthcare.

The students got to see the manufacturing process of Cyanocobalamine injections and learnt how to wash the rubber stopper. The complete aseptic processing of parenteral preparations was observed by the students. They looked into the various equipments involved in manufacturing parenterals such as fuming chamber, double beam UV spectrophotometer, HPLC, polarimeter, fluorimetry, gas chromatography, thin Layer chromatography. They also recognized the process of washing ampoules and vials and filling them along with labelling and packaging. The students fully preceived the working conditions of the industry.





## एलएनसीटी विवि में निकाली कोरोना जागरुकता रैली

भोपाल- एलएनसीटी विश्वविद्यालय एवं कलाकुंज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में कोलार रोड स्थित एलएनसीटी विवि परिसर में कोरोना जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में एनसीसी और एनएसएस के छात्र-छात्राएं बडी संख्या में शामिल हुए। जागरुकता रैली में छात्र-छात्राओं ने कोरोना टीकाकरण करवाने, दो गज की दूरी बनाने एवं आवश्यक रुप से मास्क पहनने की आमजनों से अपील की। रैली में छात्र छात्राएं टीकाकरण का यही संदेश कोरोना मुक्त हो मध्यप्रदेश, दो गज की दूरी मास्क है जरुरी, कोरोना को हराना है वैक्सीन लगवाना है जैसे प्रेरक स्लोगन लिखी हुई तख्तियां हाथों में लेकर चल रहे थे साथ ही वे नारे लगाकर लोगों से वैक्सीन लगवाने की अपील कर रहे थे। कलाकुंज फाउंडेशन की अध्यक्ष पूजाश्री चौकसे ने कहा कि कोरोना संक्रमण अभी खत्म नही हुआ है, कोरोना की तीसरी लहर लगातार संक्रमितों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है, संक्रमण से बचाव का एक मात्र उपाय टीकाकरण है इसलिए आमजनो को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। संस्था के पदाधिकारियों ने छात्रें से दैनिक जीवन में कोविड नियमों का पालन करने हेतु शपथ भी दिलाई। जागरुकता रैली में एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ, एनके थापक, कलाकुंज फाउंडेशन की अध्यक्ष पूजाश्री चौकसे, एनसीसी हेड लेफ्टिनेंट पीयूष नेमा सहित संस्था के पदाधिकारियों सहित बडी संख्या में विवि के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।










## डॉ. आदिल खॉन

**MS (Ayurved) LN Ayurced College and Hospital, Bhopal**



भगंदर जिसे अंग्रेजी में फिस्टुला (Fistula in Ano) कहा जाता है एक जटिल एवं पीड़ादायक रोग है। प्राचीन काल से ही इसकी चिकित्सा समस्त चिकित्सक समुदाय के लिए चुनौतीपूर्ण रही है। भगंदर व्याधि में गुदा मार्ग के समीप एक फोड़ा (Abscess) होकर यह गुदाद्वार के अंदर तथा बाहर नली के रूप में घाव पैदा करता है। यह फोड़ा कुछ दिनों में फूट जाता है, और इसमें से मवाद एवं दूषित रक्त निकलने लगता है। इस फोड़े के कारण रोगी को गुदाद्वार के पास बहुत तेज दर्द होता है। समय के साथ साथ घाव पर अस्वस्थ कोशिकाओं की एक परत आ जाती है जिससे उसका रोपण (Healing) नहीं हो पाता है। आयुर्वेद शास्त्रें में भगंदर रोग की चिकित्सा का विस्तार से वर्णन किया गया है। आयुर्वेद में वर्णित चिकित्सा उपायों में उल्लेखित क्षार सूत्र बंधन (medicated thread ligation)विधि आज भी भगंदर की सबसे सफल चिकित्सा पद्धति है। क्षार सूत्र बंधन में प्रयुक्त सूत्र (Barbour's no- 20 Linen thread) लायनन का बना होता है जिसकी क्षमता 5 किलोग्राम भार वहन की होती है। जिस पर क्रमश स्नुही, हरिद्रा एवं अपामार्ग क्षार की 21 परत (coating) चढ़ाई जाती है। यह ना सिर्फ भगंदर का छेदन(cutting) करता है वरन उसका शोधन (debridement@ cleansing) और रोपण (healing) भी करता है। भगंदर व्रण की गहराई के अनुसार प्रत्येक सप्ताह नया क्षार सूत्र भगंदर व्रण में प्रवेश कराया जाता है कुछ ही सप्ताह में रोगी को संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो जाता है।

पिछले कुछ महीनों में मैंने एल. एन. आयुर्वेद चिकित्सालय में गुदा गत विकारों जैसे अर्श (चपसमे), भगंदर (पिजनसं),परीकर्तिका/ गुदा गत चीरा (fissure in Ano) एवं गुदा गत फोड़ा(Anorectal abscess) का सफल इलाज किया है इसमें भगंदर के विभिन्न मरीजों पर क्षार सूत्र बंधन विधि द्वारा इलाज करने पर मुझे पूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अतः मेरे अनुभव से मैं यह कह सकता हूं कि क्षार सूत्र्स बंधन विधि चिकित्सा एक सरल, किफायती और उपद्रव रहित चिकित्सा है, जिसमें रोगी को भर्ती रहने विश्राम करने एवं व्रण की बारंबार ड्रेसिंग की आवश्यकता नहीं रहती है एवं रोग की पुनरावृत्ति की संभावना भी नगण्य रहती है।









## RGPV NODAL BADMINTON CHAMPIONSHIP

LNCT teams entered the next round by winning the women's and men's competitions in the RGPV Nodal Badminton Championship organized by Laxmi Narayan College of Technology and Science. Earlier the championship was inaugurated by Mr. Satyanarayan Choukse Founder Member LNCT Group, Dr.NK Thapak Vice Chancellor LNCT University, Dr. Ramesh Shukla Deputy Registrar, Dr. Sunil Singh Admin HOD, Akash Dubey Assistant Registrar, Ankit Pandey PR Manager, Arun Pillai Purchase Manager done by. Pankaj Jain, secretary of the competition said that in the competition, SATI Vidisha, Trinity College, JNCT College, UIT RGPV, Systech Gandhi Nagar, SIIT, TIT Excellence, TIT, OST, OCT, VNS, LNCT Excellence, Systech Ratibad, BRTS LNCT-S, Around 190 players from Bansal and LNCT women's and men's teams are participating. Outstanding players and Bhopal nodal team will be selected through the competition. Bhopal nodal team equipped with excellent players will participate in the state level RGPV badminton competition organized by LNCT from 24th December.

In the matches played today, LNCT defeated Bansal College 2-0, OCT defeated VNS 2-1, OIST beat TIT 2-1, SIIT Excellence 2-1, UIT RGPV defeated Sistec Gandhinagar. KO 2–0, LNCT S defeated BRTS 2–0 and LNCTE defeated Sistec R 2–0 to advance to the next round.

In women's competition, LNCT beat JNCT 2-1, Trinity 2-1 in Bansal, TIT beat UIT 2-0, SATI beat Sistec R 2-1 to advance to the next round. The semi-finals and final matches of the tournament will be played on Thursday. After this the team of RGPV Bhopal nodal will be selected.







## एलएनसीटी विश्वविधालय के क्रषि विभाग में 21 दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

एलएनसीटी विश्वविद्या ने हमें ऐसे सराहनी कदम उठाये हैं जिसे उनके छात्रों का विकास और प्रगति हो, इसी के चलते एलएनसीटी विश्वविधालय में 21 दिन के परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,इस कार्यशाला में कृषि विभाग से जुड़े कुछ विभीन विश्वो पे मेहतावपुरध जंकरी विद्यार्थी तक पोहचाई गई,कार्यशाला में विद्यार्थी को मशरूम की खेती फल और सब्जी टेस्ट, एजोला या वर्मी कम्पोस्ट के बारे में विस्तृत और रोचक जानकारी दी गई ।इन सब विषयों पर प्रैक्टिकल भी कराए गए,इस 21 दिवस के परीक्षण में बीएससी, बीटेक कृषि इंजीनियरिंग ,एमएससी अग्रिकल्चर के छत्रे ने बढ़ चढ़ कर हिसा लिया,ये परीक्षण एल आई एल उत्तरखंड के सहयोग से किया गया,ट्रेनिंग के विद्यार्थ्यार्थियो, मशरूम की खेती, उसके बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई, और इस प्रयोग के आने वाले दिनो में फल सब्जी टेस्ट एजोला और वर्मी कम्पोस्ट के बारे में संपूर्ण जानकरी प्रप्त हुई ,ईस21 दिवस के कार्यक्रम में विद्यार्थीयो को काई महत्वपूर्ण और रोचक जानकारी प्रप्त हुई,ये प्रोग्राम हर विद्यार्थी के लिए उपयोगी और मजेदार रहा हर विद्यार्थी संतुष्ट नज़र आया।


हरिभूमि 22 DEC 2021

एलएनसीटी विश्वविद्यालय में एग्रीकल्चर साइंस का ट्रेनिंग प्रोग्राम, छात्रों ने 21 दिन लिया प्रशिक्षण


पीपुल्स समाचार 22 DEC 2021

एलएनसीटी में एग्रीकल्चर साइंस की ट्रेनिंग

## विश्वविद्यालय के पत्राकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने फ़िल्म फेस्टिवल ऐप की लॉन्चिंग में दी अपनी सक्रिय भागीदारी

एल.एन.सी.टी. विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने भारतीय चित्र साधना द्वारा 18-20 फरवरी 2022 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लघु फिल्मोत्सव की पहली कड़ी में फ़िल्म फेस्टिवल ऐप की लॉन्चिंग में 19 दिसंबर को भारत भवन, भोपाल में अपनी सक्रिय भागीदारी दी। इस अवसर पर 'भारतीय सिनेमा, इंटरनेट, ओटीटी-भविष्य की दिशा' विषयक परिसंवाद का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात अभिनेता श्री पवन मल्होत्र, कैबिनेट मंत्री श्री विश्वास सारंग, आयुक्त जनसंपर्क डॉ सुदाम खाड़े, एमसीयू के कुलपति प्रो.के. जी. सुरेश, पत्कार प्रखर श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान एल.एन.सी. टी. यूनिवर्सिटी के पत्कारिता एवं जनसंचार विभाग की विद्यार्थियों ने एम. सी. यू. के कुलपति, प्रो. के. जी.सुरेश से परि-संवाद में पूछा की वह इस फिल्म फेस्टिवल के लिए विद्यार्थियों के लिए किस तरह तयारी कर रहे हैं,और साथ ही विधार्थी वालंटियरिंग में कैसे अपना योगदान दें सकते हैं। आगे उन्होंने बताया कि इस फेस्टिवल के लिए स्टूडेंट्स द्वारा बनाई गई 600 शॉर्ट फिल्में एवं डॉक्यूमेंट्रीज भेजी गई है।



इसके अलावा विद्यार्थियों ने बॉलीवुड अभिनेता श्री पवन मलहोत्र से भी संवाद किया और उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





## एलनसीटी विश्व विद्यालय में किया गया फिल्मों की स्क्रीनिंग के कार्यक्रम का आयोजन-

एलएनसीटी विश्व विद्यालय में चित्र भारती फिल्म महोत्सव के लिए पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थीयो द्वारा बनाई गई फिल्मों की स्क्रीनिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं विद्यार्थी मौजुद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एनके थापक एवं रजिस्ट्रार डॉक्टर आरके चौरसिया एवं एसएन चौकसे थे। पत्रकारिता विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनु श्री वास्तवा ने मुख्य अतिथियों का स्मृति चिन्हो से स्वागत किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर एनके थापक ने पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थीयो द्वारा फिल्मो को बनाने के लिए किए गए प्रयासो की सहराना की।कार्यक्रम के अंत में फिल्मों को विभिन्न वर्गो में पुरस्कृत किया गया। एवं पत्रकारिकता विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनु श्रीवास्तवा ने अपने शब्दों से बच्चो का उत्साह बढ़ाया एवं उनके भविष्य के लिए उज्जवल कामना की।







## फार्मेसिस्ट : स्वास्थ्य देखभाल का एक अभिन्न हिस्सा

एलएनसीटी विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ़ फार्मेसी ने राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह 22 नवंबर से 27 नवंबर 2021 तक मनाया।

फार्मासिस्ट- स्वास्थ्य देखभाल का एक अभिन्न हिस्सा है, इस शीर्षक के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें दिन 4 और दिन 5 की गतिविधियों में टेक रंगोली, हस्तनिर्मित पोस्टर, ड्रॉइंग, फोटोग्राफी और क्रिकेट शामिल थे। विद्यार्थियों ने भी इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।









## जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन

राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) के अवसर पर स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य वक्ता एलएनसीटी विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर एन के थापक थे, उन्होंने वर्तमान समय में स्वामी विवेकानंद की विचारों की प्रासंगिकता पर अपना उद्बोधन दिया इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष सहित फैकेल्टी मेंबर्स एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।





## Posters of Short Films made by Student's of SJMC for Chitrabharti National Short Film Festival
























संरक्षण - श्री जे. एन. चौकसे, डॉ. अनुपम चौकसे, श्री धर्मेंद्र गुप्ता | मार्गदर्शक - प्रो. (डॉ.) एन.के. थापक | संपादन - डॉ. अनु श्रीवास्तव | संपादन सहयोग - डॉ. मनीषकांत जैन, संदीप शिवहरे, निशांत, रंजन, क्षितिज, आकांक्षा | डिजाइन ले-आउट- राम सनोडिया छायांकन सहयोग-साक्षी रस्तोगी | (एलएनसीटी विश्वविद्यालय के लिए पत्रकारिता एवं मास कम्यूनिकेशन विभाग द्वारा संपादित) www.LNCTU.ac.in | एलएनसीटी विश्वविद्यालय, जे. के. टाउन, सर्वधर्म सी-सेक्टर, कोलार रोड, भोपाल-462042 म.प्र.



एल एन सी टी विश्वविद्यालय के छात्र जो अपनी रचनाओं को प्रकाशित करवाना चाहते है वे अपनी रचनाओं को ईमेल के माध्यम से हर माह की २० तारीख तक भेज सकते है। चयन समिति द्वारा चयनित होने पर आपकी रचना प्रकाशित की जाएंगी।
content@Lnctu.ac.in